# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,

खण्ड कार्यालय उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), सोनभद्र–231216
E-Mail Id-[illegible]@gmail.com CUG Mobile No.- +91 9473941817

पत्रांक 1205 / W-16 / 119 दिनांक– 27-06-2026

सेवा में,

जिलाधिकारी,
सोनभद्र।

विषयः– दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में दिनांक 26 जून 2026 को प्रकाशित शीर्षक "मूर्तियां गांव में पाइपलाइन से खोदी सड़क की मरम्मत नहीः ग्रामीणों का आवागमन बाधित, जेई ने जल्द मरम्मत का दिया आवश्वासन" की आख्या प्रेषण के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में दिनांक 26 जून 2026 को प्रकाशित शीर्षक "मूर्तियां गांव में पाइपलाइन से खोदी सड़क की मरम्मत नहीः ग्रामीणों का आवागमन बाधित, जेई ने जल्द मरम्मत का दिया आवश्वासन" के सम्बन्ध में आख्या निम्नानुसार है–

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि जनपद सोनभद्र के विकास खण्ड घोरावल के ग्राम पंचायत मूर्तियां के ग्राम मूर्तियां में जल जीवन मिशन "हर घर जल" योजनान्तर्गत पटवध ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना का निर्माण कार्य मैसर्स एन0सी0सी0 लि0 द्वारा कराया जा रहा है। वर्तमान में उक्त ग्राम में योजनान्तर्गत बिछाई गयी पाइप लाइन टेस्टिंग एवं गैप्स क्लोजिंग आदि का कार्य कराया जा रहा है, जिस कारण उक्त ग्राम में सड़क क्षतिग्रस्त हुई है। पाइप लाइन टेस्टिंग एवं गैप्स कार्य आगामी एक सप्ताह में पूर्ण किया जायेगा, जिसके उपरान्त ग्राम में क्षतिग्रस्त हुई सड़क का रेस्टोरेशन कार्य पूर्ण करा दिया जायेगा।

जनपद सोनभद्र में पेयजल संकट के निवारण हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी एवं विकास खण्ड स्तर पर वार्ता कर पेयजल संकट ग्रस्त ग्रामो में टैंकर के माध्यम से पेयजलापूर्ति किये जाने हेतु योजना तैयार की गयी है। गर्मी के दिनों में पेयजल से सम्बन्धित शिकायतों के निस्तारण हेतु खण्ड स्तर पर कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसमें मो0नं0– 9555407375 व 6392808813 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। अधिक जानकारी के लिए जल सारथी एप के माध्यम से पेयजल की वर्तमान स्थिति देखी जा सकती है। कृपया उक्त प्रकरण को निक्षेपित कराने की कृपा करें।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय

(अधिशासी अभियन्ता)

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
3. अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, सोनभद्र।
4. जिला पंचायत राज अधिकारी, सोनभद्र।
5. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता / जूनियर इंजीनियर।
6. सम्बन्धित परियोजना प्रबन्धक, जल जीवन मिशन, सोनभद्र।

(अधिशासी अभियन्ता)

# मूर्तियां गांव में पाइपलाइन से खोदी सड़क की मरम्मत नहीं: ग्रामीणों का आवागमन बाधित, जेई ने जल्द मरम्मत का दिया आश्वासन

अविनाश सिंह | लहास(घोरावल), सोनभद्र
1 दिन पहले



पाइपलाइन से खोदी सड़क की मरम्मत नहीं।

विज्ञापन

भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं →
+Follow us



सोनभद्र के न्याय पंचायत लहास के ग्राम मूर्तियाँ में जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़क की मरम्मत न होने से ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पाइपलाइन के लिए खोदी गई सड़क पर गहरे गड्ढे और धूल के कारण आवागमन बाधित हो गया है।

**धूल के कारण आवागमन बाधित**

बारिश के मौसम में स्थिति और भी खराब हो जाती है। सड़क पर कीचड़ और पानी भर जाने से पैदल चलने वालों और वाहनों को गुजरने में अत्यधिक कठिनाई होती है।

इस खराब सड़क के कारण स्कूल जाने वाले बच्चों, बुजुर्गों और दैनिक कार्यों के लिए निकलने वाले लोगों को विशेष रूप से समस्या हो रही है। सड़क की बदहाली उनके रोजमर्रा के जीवन को सीधे तौर पर प्रभावित कर रही है।

विज्ञापन

### स्थानीय प्रशासन से शिकायतें

ग्रामीणों ने इस समस्या के संबंध में कई बार स्थानीय प्रशासन से शिकायतें की हैं। हालांकि, अभी तक सड़क की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। ग्रामीण अब प्रशासन से तत्काल ध्यान देने और समाधान की अपेक्षा कर रहे हैं।

### बारिश के कारण सड़कें प्रभावित

जल जीवन मिशन के जेई संदर्भ सिंह ने इस मामले पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत मूर्तियाँ में पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़क को अस्थायी तौर पर खोदा गया था।

जेई ने स्वीकार किया कि बारिश के कारण सड़क की स्थिति प्रभावित हुई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि पाइपलाइन बिछाने का कार्य पूरा होने के बाद सड़क की मरम्मत प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द कराई जाएगी।

दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं →
+Follow us

आज का राशिफल मेष
मेष | Aries
पॉजिटिव- आज दिन अच्छा रहेगा। आपका कोई सपना पूरा होने वाला है। उसे हासिल करने के लिए आत्मविश्वास और मेहनत बनाए रखने की जरूरत है। विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षा में बेहतर
और पढ़ें
विज्ञापन

## खबरें और भी हैं...

**सोनभद्र में दो डिजिटल लाइब्रेरी सील: अग्नि सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर प्रशासन ने की कार्रवाई**



सोनभद्र › शेयर

Download App from
GET IT ON Google Play
Download on the App Store
Advertise with Us |